दिनांक : 11/03/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल और तमिलनाडु को देंगे 16 हजार करोड़ की सौगात।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज दमोह में महिला सम्मेलन और सागर में रोजगार मेले का करेंगे शुभारंभ।
- मध्य-पूर्व संकट के बीच राज्य सरकार ने पेट्रोलियम और खाद की निर्बाध सप्लाई के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।
- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष आज भोपाल में विशेष जनसुनवाई के जरिए महिलाओं की समस्याओं का करेंगी निराकरण।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री केरलम-तमिलनाडु दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज केरलम और तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। वे आज दोपहर केरलम के एर्नाकुलम में लगभग 10 हजार आठ सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री एक सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग पांच हजार छह सौ पचास करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस अवसंरचना, ग्रामीण संपर्क और राजमार्ग विकास सहित प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी पांच नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

मुख्यमंत्री- सागर/ दमोह-दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दमोह और सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे दमोह के हटा में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होकर क्षेत्र को 405 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सागर में ज्ञानवीर विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगे और वहाँ आयोजित 'युवा संगम वृहद रोजगार मेले' का शुभारंभ करेंगे, जहाँ निजी क्षेत्र की कंपनियां युवाओं को नियुक्ति प्रदान करेंगी।

मंत्रिपरिषद बैठक-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। पेश है रिपोर्ट...

बाइट-रिपोर्ट

'प्लेसमेंट डे' समारोह-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे अपनी सफलता और ज्ञान का उपयोग गरीब और वंचितों के जीवन को बेहतर बनाने में करें। कल भोपाल में टेक्नोक्रेट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 'प्लेसमेंट डे' समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उपलब्धियों का उत्सव भविष्य की बड़ी जिम्मेदारियों की शुरुआत है। राज्यपाल ने चयनित विद्यार्थियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को युवा अपनी प्रतिभा से साकार करेंगे। इस अवसर पर विधायक अजय विश्नोई और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस.के. जैन ने भी विद्यार्थियों को ज्ञान की शक्ति से सफलता पाने के लिए प्रेरित किया।

मध्य-पूर्व एशिया-निगरानी

मध्य-पूर्व एशिया में जारी तनाव के मद्देनजर राज्य शासन ने प्रदेश पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय मंत्रि-मंडल समिति का गठन किया है। इस समिति में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और चैतन्य काश्यप को शामिल किया गया है। यह समिति खाड़ी देशों में रह रहे प्रदेश के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ राज्य में पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस और उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

ईंधन- गैस मंत्री

सरकार ने आश्वासन दिया कि देश में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की कोई कमी नहीं है और घबराने की कोई वजह नहीं है। सरकार देश के घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि भारत का ऊर्जा आयात विभिन्न स्रोतों और मार्गों से लगातार जारी है। एक रिपोर्ट-

बाइट-रिपोर्ट

राष्ट्रीय महिला आयोग-जनसुनवाई

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर आज राजधानी भोपाल में एक विशेष जनसुनवाई करेंगी। इसका उद्देश्य महिलाओं से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। यह जनसुनवाई दोपहर डेढ़ बजे पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई महाविद्यालय में शुरू होगी। आयोग की अध्यक्ष महिलाओं की समस्याओं को सीधे सुनेंगी और उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगी।

सड़क प्रोजेक्ट मंजूरी-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल केंद्रीय कैबिनेट द्वारा प्रदेश के लिए 3,839 करोड़ रुपये के सड़क प्रोजेक्ट की मंजूरी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। एनएच 752-डी पर बनने वाला यह बदनावर-पेटलावद-टिमरवानी फोरलेन कॉरिडोर, उज्जैन को सीधे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

गेहूं उपार्जन

प्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय मंत्रि-मंडल समिति का गठन किया है। इस समिति में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना सहित पांच मंत्रियों को सदस्य बनाया गया है। यह समिति प्रदेश में बारदानों की उपलब्धता, खरीदी केंद्रों के प्रबंधन और केंद्र सरकार के निर्देशों के क्रियान्वयन की निरंतर निगरानी करेगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- खंडवा में प्याज की उत्पादन तकनीक, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग और ब्रांडिंग के विषय पर आज डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी छैगांवमाखन में कार्यशाला आयोजित की जाएगी।
- मंदसौर में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य जनमानस को जागरूक करना और समय पर जांच के महत्व को समझाना था।
- अशोकनगर में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- आगरमालवा में आज वरिष्ठ नागरिकों के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।
- गुना में एलपीजी की आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में ऑयल कंपनियों के अधिकारी, गैस एजेंसी संचालक तथा जिले के होटल एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालको के साथ बैठक आयोजित की गई।
- खरगोन के डाबरिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में तीन दिन पहले कचरे में लगी आग पर काबू पा लिया गया है।
- इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता अभियान में नवाचार करते हुए घर की सफाई अभियान की शुरुआत की है। वेस्ट से बेस्ट अवधारणा के तहत इस सामग्री से जरूरतमंदों के लिए उपयोगी वस्तुएं तैयार की जाएंगी।
- डिंडौरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

-------------